हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(सोलहवां सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

शुक्रवार, 25 अगस्त, 2017/ 3, भाद्रपद, 1939 (शक्)

[मुख्य मंत्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मंत्री - वन मंत्री - उद्योग मंत्री - शहरी विकास मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री].

कुल प्रश्न - 10

पुलिस थाना भुन्तर

1741 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 31 जुलाई, 2017 तक जिला कुल्लू में पुलिस विभाग में फील्ड स्टाफ के कितने पद स्वीकृत हैं तथा तुलनात्मक दृष्टि से जिला बिलासपुर में कितने हैं; ब्यौरा दें;

(ख) यह सत्य है कि भुन्तर चौकी को स्तरोन्नत हुए वर्षों बीत गए, परन्तु स्टाफ की संख्या अभी भी उतनी ही है; और

(ग) यदि हां, तो सरकार कब तक स्टाफ बढ़ाने का विचार रखती है?

प्रधानमन्त्री ग्राम सड़क योजना

1742 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि कुल्लू क्षेत्र में खलाड़ा, डुग्गिलग, टण्डारी, जिन्दी-फलान सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत स्वीकृत हुईं हैं; यदि हाँ, तो कब और कितनी धनराशि स्वीकृत हुई थी;

(ख) यह भी सत्य है कि ठेकेदार यह कार्य अधूरा छोड़ कर चला गया है जिसके फलस्वरूप विभाग को इसे डुपकन तक पहले चरण के रूप में निर्माण हेतु पग उठाने पड़े हैं; यदि हां, तो क्या यह निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है; यदि नहीं, तो कारण; और

(ग) डुपकन-शिलाग्रां-जिन्दी-फलान सड़क के दूसरे चरण का टेंडर क्या हो गया है; यदि हाँ, तो कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है और कब तक प्रक्रिया पूर्ण कर इस निर्माण कार्य को आरंभ किया जाएगा ?

सड़कों की अद्यतन स्थिति

1743 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि ग्राम पंचायत संपर्क सड़क ग्राहण और रशोल-कसोल के अंतर्गत दोनों ही विधायक प्राथमिकता की सड़कें हैं; यदि हाँ, तो इन्हें कब विधायक प्राथमिकता में डाला गया;

(ख) इन दोनों सड़कों की अद्यतन स्थिति क्या है; और कब तक औपचारिकताएं पूर्ण कर ली जाएंगी; और

(ग) उपरोक्त दोनों सड़कों का निर्माण किस योजना के अंतर्गत किया जाएगा; ब्यौरा दें?

Settlement in Lahaul & Spiti

1744 **Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that settlement has not been done in Lahaul & Spiti since last 55 years; and

(b) what steps the Government has taken to start settlement in Lahaul & Spiti; and by when it will be done?

Research Centre

1745 **Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that Department has opened Indian Council Of Medical Research National Institute in Tribal Health Northern India Base Camp at

Keylong for Research & Services;

(b) If yes, details of staff posted & equipment installed be given;

(c) whether any steps have been teken to construct separate building and if yes, what would be its estimated cost; and

(d) since it comes under Director General (ICMR) AIIMS Delhi & National Institute for research in Tribal Health Jabalpur, what is the area of its research and service; details be given?

Renewal Energy Project

1746 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that budget of 32 crores has been sanctioned for 2.5 MW Solar Renewal Energy Project at Rangrik the foundation of which was laid 2 years back by Hon'ble CM;

(b)if yes, whether the implementation & tendering process has started; if not, reasons for delay; and

(c) by when the installation of the project will take place?

विश्राम गृह का निर्माण

1747 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) लोक निर्माण विश्राम गृह जमणी के निर्माण का कार्य कब आरम्भ किया गया; और

(ख) इसकी अनुमानित लागत कितनी थी व दिनांक 31 जुलाई, 2017 तक कितना खर्च किया जा चुका है तथा इसका कार्य कब तक पूर्ण हो जाएगा?

Vacancy Position

1748 Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh):

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) how many posts of different categories of teachers in Government Middle

Schools are lying vacant in Nalagarh Assembly Constituency; schoolwise details be given; and

(b) by when these posts will be filled up?

पुनः रोजगार

1749 **श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत एक वर्ष के दौरान दिनांक 31 जुलाई, 2017 तक लोक निर्माण विभाग में कितने लोगों को Re-employment दी गई है; ब्यौरा नाम व पद सहित दें?

कर्मचारियों का स्थानान्तरण

1750 **श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत दो वर्षों में शिक्षा विभाग में दिनांक 31 जुलाई, 2017 तक कितने लोगों के स्थानान्तरण किए गए; ब्यौरा कर्मचारी के नाम, पद व स्थान सहित दें?

शिमलाः 171004. **सुन्दर सिंह वर्मा,**
दिनांकः 9 अगस्त, 2017. **सचिव।**